हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – 16 अप्रैल को संसद महिला सशक्तिकरण को लेकर इतिहास रचेगी।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव का शुभारंभ किया।

3. मुख्यमंत्री ने कहा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम" महिलाओं को सशक्त बनाएगा ।

4 . पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता किरण चौधरी ने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया।

5. हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने सात नगर निकायों के आम चुनाव और पंचायती राज के 528 पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा की।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्माविश्वा्स और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेतलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है।

*भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े दिनों में से एक निर्णय लेने जा रहा है मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि 21वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णय में से एक*

*महत्वपूर्ण निर्णय ये है नारी शक्ति को समर्पित है, नारी शक्ति बंधन को समर्पित है। हमारे देश के सांसद एक नया इतिहास रचने के करीब है, एक ऐसा नया इतिहास जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्यक के संकल्पों को पूरा करेगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण, अति-आवश्यक है। श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी, लोकतंत्र को मजबूत करती है।

*आज भारत में 14 लाख से अधिक महिलाएं लोकल गवर्नमेंट बॉडी में सफलतापूर्वक काम कर रही है। लगभग 21 राज्यों में तो पंचायतों में उनकी भागीदारी करीब-करीब 50% पर पहुंच चुकी है। लाखों महिलाओं की राजनीति और सामाजिक जीवन में ये सक्रियता दुनिया के बड़े-बड़े नेताओं और राजनीति के विशेषज्ञों को भी बहुत ही हैरान करने वाली बात होती है और इससे भारत का बहुत गौरव बढता है।*

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में युवा एवं सांस्कृतिक विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव का शुभारंभ किया। बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के लिए बैसाखी का विशेष महत्व है।

महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा पर बोलते हुए उन्होंने हरियाणा महिला आयोग द्वारा अश्लील और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के गाने समाज और संस्कृति के अनुरूप नहीं हैं।महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए

उन्होंने कहा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को और सशक्त बनाएगा।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने विपक्ष द्वारा मंडियों में बायोमेट्रिक प्रक्रिया पर उठाए गए सवालों को खारिज करते हुए कहा कि यह व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लागू की गई है।उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि किसी को भी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------

पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा  नेता किरण चौधरी ने “नारी शक्ति वंदन अधिनियम” को भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम बताया है।

फरीदाबाद में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को केवल योजनाओं की लाभार्थी तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि उन्हें नीति-निर्माण और नेतृत्व की मुख्यधारा में स्थापित करेगा।

उन्होंने कहा कि यह केवल संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि समाज में लैंगिक समानता को व्यवहारिक रूप देने का प्रयास है।इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें, ताकि वे देश के विकास में सक्रिय भागीदार बन सकें।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने आज सात नगर निकायों के आम चुनाव और पंचायती राज के 528 पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा की। इसके साथ ही चुनाव क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो गई।राज्य चुनाव

आयुक्त देवेन्द्र सिंह कल्याण ने आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में नगर निगम चुनाव व रेवाड़ी नगर परिषद ,धारूहेड़ा सांपला और उकलाना नगर पालिका व टोहाना, झज्जर राजौंद तरावड़ी, सढ़ौरा और कनीना नगरपालिका में उप चुनाव होगा।प्रदेश में कुछ जगहों पर पंचायत राज के उपचुनाव भी होंगे।

निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की तारीख 21 से 25 अप्रैल होगी, चुनाव 10 मई को होगा और मतगणना 13 मई को की जाएगी।28 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे।पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव के लिए मतदान 10 मई को होगा और नतीजे भी उसी दिन आ जाएंगे। चुनाव ईवीएम से होंगे, वी वी पैट का इस्तेमाल नहीं होगा। चुनाव में पहली बार नोटा बटन भी होगा। चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा तय दरों पर मानदेय मिलेगा ।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हिसार में आयोजित 'माय भारत बजट क्वेस्ट' सम्मेलन आज संपन्न हो गया।सम्मेलन में आज युवाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की और अपने विचार रखने के लिए मंच देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। युवाओं ने बताया कि उन्होंने बेहतर भविष्य को लेकर अपनी परिकल्पनाओं और अपेक्षाओ पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार से पहले ऐसे अवसर कभी नहीं मिले। पंचकूला से 'माय भारत बजट क्विज' के अंतिम चरण में पहुँचे कनव खुराना ने कहा कि यदि ऐसे प्रयास जारी रहे, तो प्रधानमंत्री का 'विकसित भारत 2047' का संकल्प निर्धारित समय से काफी पहले ही सिद्ध हो जाएगा।गुरुग्राम से हिसार पहुँची ऐश्वर्या और कैथल निवासी स्वाति ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए मोदी सरकार का आभार जताया।

---------------------------------------------------------------------------------------------
-----------------------

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल की धर्म नगर कॉलोनी में गत दिनों हुई आगजनी के घटना से पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ भी उनके साथ मौजूद रहे।खेल राज्य मंत्री ने कहा कि  सरकार  द्वारा पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

---------------------------------------------------------------------------------------------
--------------------------